# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका नवम्बर 2025




नगर पालिक निगम भिलाई

# विकास कार्यों का निगम आयुक्त किए मैराथन भ्रमण

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक–1 नेहरू नगर अंतर्गत रोड निर्माण, नाली, सफाई, सिवरेज लाइन, सड़कों की सफाई, उद्यान, अटल परिसर सहित तारामण्डल उद्यान का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया।

निगम आयुक्त एवं जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत द्वारा नेहरू नगर के शिवाजी चौक समीपस्थ रोड, नाली सफाई एवं सिवरेज का निरीक्षण किया गया। सिवरेज का पानी सड़क में बह रहा था, जिसे तत्काल सफाई कराने स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया है। साथ ही सिवरेज हेतु बनाये गये चेंबर का ढ़क्कन टूटकर गिरा हुआ था, दुर्घटना की संभावना को देखते हुए ढ़क्कन लगाने निर्देशित किये। आगामी समय में इस रोड का निर्माण किया जाना है ।शहस्त्रबाहु उद्यान को संस्था द्वारा स्वयं के रखरखाव हेतु दिया गया है, संबंधित संस्था को उद्यान के घास कटिंग एवं सफाई व्यवस्था बनाये रखने निर्देशित किया गया है। बख्शी उद्यान में स्थापित झूला टूट गया है, जिसका संधारण कराने उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को निर्देशित किये । उद्यान में उपस्थित महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं से रोपित पौधों एवं उद्यान के सम्बन्ध में चर्चा किये। जर्जर सड़कों के मरम्मत एवं साफ सफाई का अवलोकन किये।




**नगर पालिक निगम भिलाई**

# पीएम आवास के 11 हितग्राहियों को मकान आबंटित किया गया

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई सभापति गिरवर बंटी साहू, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय एवं अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा की उपस्थिति में प्रधानमंत्री आवास योजना के 11 हितग्राहियों को लाटरी के माध्यम से मकान आबंटित किया गया।

नगर पालिक निगम भिलाई अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना से निर्मित मकानों का मुख्य कार्यालय सभागार में खुली लाटरी आयोजित की गई। हितग्राहियों द्वारा पूर्व में मकान हेतु आवेदन योजना शाखा के काउंटर में जमा किया गया था। उनका दस्तावेज परीक्षण कर सक्षम स्वीकृति मिलने उपरांत हितग्राहियों से मकान का 10 प्रतिशत अंशदान राशि जमा कराया गया । बेदखली व्यवस्थापन हेतु हितग्राही अंशदान राशि 75000 रूपये निगम कोष में जमा कराकर नियमानुसार लाटरी निकाला गया। लाटरी में वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांगजनों को प्राथमिकता के आधार पर भूतल के आवासों तथा सामान्य वर्ग के हितग्राहियों को भूतल से निर्मित आवासों के साथ अन्य तल (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय) के आवासों को सम्मिलित किया गया है।

प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियो को वंदे मातरम कुरूद भिलाई से 1 हितग्राही एवं सूर्या विहार के पीछे खम्हरिया से 10 हितग्राहियों को लाटरी निकालकर मकान आबंटित किया गया है। लाटरी के दौरान कार्यपालन अभियंता कुलदीप गुप्ता, पार्षद श्रीमती सत्या देवी जायसवाल, आवास प्रभारी विद्याधर देवांगन, नम्रता सिंह ठाकुर, सी एल टी सी किरण चतुर्वेदी, उत्पल शर्मा, आदित्य सिंह,  थलेश्वर जोशी, जी मोहन राव, महेत्तर सोनी, जागेश्वर साहू उपस्थित रहे।



# राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर निगम सभागार में कार्यक्रम आयोजित राष्ट्रगीत

भिलाईनगर। राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय सभागार कक्ष एवं जोन कार्यालयों में कार्यक्रम आयोजित की गई। माननीय प्रधानमंत्री के लाईव प्रसारण के माध्यम से वंदे मातरम का उत्साहपूर्वक गायन किया गया। राष्ट्रगीत बंदे मातरम केवल एक गीत ही नही। यह भारत की आत्मा एवं एकता का प्रतीक है। सभी भारतीय नागरिको को इसका सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, अपर आयुक्त राजेन्द्र कुमार दोहरे, अधीक्षण अभियंता अजीत कुमार तिग्गा एवं अन्य अधिकारी सहित कर्मचारीगण उपस्थित रहे।






नगर पालिक निगम भिलाई

# नागरिको को पेयजल समस्या से निजात दिलाने पानी टंकी का निर्माण शीघ्र पूर्ण हो–आयुक्त

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक–3 मदर टेरेसा नगर अंतर्गत निर्माणाधीन पानी टंकी, सुलभ शौचालय, शासकीय हाई स्कूल, बाल स्कूल सहित सर्कुलर मार्केट प्रस्तावित शौचालय निर्माण स्थल का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया।

निगम आयुक्त एवं पार्षद विनोद चेलक द्वारा पावर हाउस फल मंडी के समीप निर्माणाधीन पानी टंकी का अवलोकन किया गया। उस क्षेत्र के नागरिको को होने वाले पेयजल की समस्या को देखते हुए नवीन ओवर हेड टेंक का निर्माण किया जा रहा है। इसके निर्माण से कई परिवारों को पेयजल की समस्या से निजात मिलेगी। आयुक्त ने वार्ड क्रमांक–36 महात्मा गांधी नगर स्थित सुलभ शौचालय का निरीक्षण किये। शौचालय एवं आस–पास की साफ–सफाई का जायजा लिए और सफाई व्यवस्था बनाये रखने निर्देशित किये हैं। केम्प 02 शासकीय हाई स्कूल में नवीन भवन का निर्माण किया जा रहा है, जिसका अवलोकन कर आयुक्त ने संबंधित एजेंसी को निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने कहा है। समीपस्थ बाल विद्यालय का निरीक्षण करते हुए साफ–सफाई व्यवस्था देखे। पावर हाउस सर्कुलर मार्केट में पुराना भवन को तोड़कर नवीन शौचालय बनाना प्रस्तावित है, जिसका स्थल निरीक्षण कर कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने निर्देशित किये है। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, दीपक देवांगन, सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन उपस्थित रहे।



# कोसा नाला गौठान से पशुओं को जामुल ट्रेचिंग ग्राउण्ड में शिफ्ट किया जाएगा

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई जोन–2 वैशाली नगर अंतर्गत जामुल ट्रेचिंग ग्राउण्ड, निर्माणाधीन डोम शेड, बाउण्ड्रीवाल, एस.एल.आर.एम. सेंटर सहित निर्माणाधीन सड़क का अवलोकन आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया।

निगम आयुक्त ने जामुल स्थित ट्रेचिंग ग्राउण्ड का अवलोकन किये। कोसा नगर गौठान को अब जामुल ट्रेचिंग ग्राउण्ड में शिफ्ट करने का कार्य प्रक्रिया में है। गायों के लिए अलग से डोम शेड निर्माण करने निर्देशित किये हैं। ट्रेचिंग ग्राउण्ड के बगल में बाउण्ड्रीवाल का कार्य प्रगति पर है, जिसका जायजा लेते हुए कार्य शीध्र पूर्ण करने निर्देशित किये है। आयुक्त ने एस.एल.आर.एम. सेंटर में कार्यरत कर्मीयों से मुलाकात कर समस्या से अवगत हुए। कुरूद सुंदर विहार में नगरोथान योजना के तहत सड़क का निर्माण किया जाना है, जिसका स्थल निरीक्षण कर आयुक्त ने कार्य अविलम्ब पूर्ण करने निर्देशित किये हैं । इस रोड के निर्माण से मोहल्ले वासियों की बड़ी राहत मिलेगी । निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, सहायक अभियंता अर्पित बंजारे, स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह उपस्थित रहे।





**नगर पालिक निगम भिलाई**

# शांति नगर वार्ड 14 में 96 लाख रुपए की लागत से डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन संपन्न

भिलाई नगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के अंतर्गत शांति नगर वार्ड क्रमांक 14 में महत्वपूर्ण अधोसंरचना विकास की दिशा में एक और कदम उठाया गया है। वार्ड में 96 लाख रुपये की लागत से होने वाले डामरीकरण (सड़क निर्माण) कार्य का आज भूमिपूजन वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन एवं भिलाई नगर निगम के महापौर नीरज पाल के कर कमलों द्वारा किया गया। डामरीकरण सड़क निर्माण के इस परियोजना की लागत 96 लाख रुपए है। शांति नगर वार्ड क्रमांक 14 वार्ड के नागरिकों को सुगम और गुणवत्तापूर्ण सड़क यातायात की सुविधा प्रदान करना लक्ष्य है। भूमिपूजन समारोह के दौरान विधायक रिकेश सेन ने कहा कि यह परियोजना नागरिकों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करेगी और वार्ड के समग्र विकास में मील का पत्थर साबित होगी। महापौर नीरज पाल ने निगम प्रशासन की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि शहर के हर वार्ड में गुणवत्तापूर्ण विकास कार्य समय सीमा के भीतर पूरे किए जाएंगे। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद अभिषेक मिश्रा, नगर पालिक निगम भिलाई के कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, सहायक अभियंता अर्पित बंजारे सहित वार्ड के बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। नागरिकों ने इस विकास कार्य के लिए विधायक एवं महापौर का आभार व्यक्त किया। यह कार्य पूर्ण होने के बाद वार्ड 14 के निवासियों को बेहतर कनेक्टिविटी प्राप्त होगी, जिससे उनके दैनिक जीवन में सुविधा बढ़ेगी और क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।






नगर पालिक निगम भिलाई

# व्यापक अनुज्ञापन नियम 2025 अनुपालन के संबंध में

भिलाईनगर। छत्तीसगढ़ राजपत्र (असाधारण) नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 07 नवम्बर 2025 प्रकाशित अधिसूचना क्रं. RULE&801/202/2025&UAD छत्तीसगढ़ नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 (क्रं. 23 सन् 1956) की धारा 132 की उपधारा (6) के खंड (ग) सहपठित धारा 433 तथा छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 (क्रं. 37 सन् 1961) की धारा 127 की उप–धारा (6) के खंड (ग) सहपठित धारा 355 तथा 356 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार एतत् द्वारा नगर पालिका क्षेत्र के सीमाओं के भीतर व्यापार करने के विनियम के लिए छत्तीसगढ़ राजपत्र (असाधारण) अनुसार अनुज्ञप्ति शुल्क एवं प्रारूप–क एवं प्रारूप–ख निर्धारित किया गया है।

उपरोक्त नियम के अंतर्गत कंडिका 05 (क) की तालिका 01 एवं 02 के अनुसार निकाय क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला/कालोनी के बाजार के छोटे एवं मध्यम आकार के बाजार/वृहद बाजार की सूची नोटिस बोर्ड सूचना पटल में चस्पा की गई है।

कृपया आम नागरिक एवं व्यापारीगण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम भिलाई की वेबसाईट https://bhilainagarnigam-com/ में देखा जा सकता है तथा नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय के नोटिस बोर्ड सूचना पटल में चस्पा किये गये बाजार की सूची एवं छत्तीसगढ़ राजपत्र में निर्धारित किये गये प्रारूप–क, ख एवं निर्धारित दर का अवलोकन किया जा सकता है।

**नगर पालिक निगम भिलाई**

# प्रधानमंत्री आवास की लाटरी 01 दिसम्बर 2025 को आयोजित

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना मोर मकान–मोर आस एवं मोर मकान–मोर चिन्हारी घटक के विभिन्न परियोजना स्थलों में निर्मितधनिर्माणाधीन आवासों का आबंटन मुख्य कार्यालय सभागार कक्ष में दिनांक 01 दिसंबर 2025 को समय 12:00 बजे खुली लाटरी आयोजित किया गया है। हितग्राहियो द्वारा जमा किए गए आवेदन पत्रों का सक्षम स्वीकृति प्राप्त कर अंशदान राशि का 10 प्रतिशत राशि तथा बेदखली व्यवस्थापन हेतु हितग्राही अंशदान राशि 75000 निगम कोष में जमा कराया गया है। नियमानुसार लाटरी पद्वति में वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों को प्राथमिकता के आधार पर भूतल के आवास तथा अन्य वर्ग के हितग्राहियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तल के आवास को सम्मिलित किया गया है।

नगर पालिक निगम भिलाई महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय की ओर से अपील है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होकर लाटरी में भाग लेकर आवास प्राप्त करें।



**नगर पालिक निगम भिलाई**

# पीएम आवास के 26 हितग्राहियो का 1 माह में आवास ऋण स्वीकृत

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के हितग्राहियो को ऋण सुविधा उपलब्ध कराने के उददेश्य से समय–समय पर आवास ऋण मेला का शिविर लगाया जा रहा है। बैकुण्ठधाम स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडर मांगलिक भवन में आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार दिनांक 28.10.2025 को आवास ऋण मेला का आयोजन किया गया था। जिसमें स्वतंत्र बैंक, इजी होम फाइनेंश बैंक, आवास लोन फाइनेंश बैंक और जना स्माल फाईनेंश बैंक के कर्मचारी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री आवास योजना के 130 हितग्राही आवास ऋण मेला में भाग लिये थे। जिसमें से 26 हितग्राहियों का ऋण 1 माह में स्वीकृत कर दिया गया है। अब इन हितग्राहियों को स्वयं के मकान पाने का सपना पुरा हो जाएगा। अन्य हितग्राही जिनको ऋण की आवश्यकता है, वे अपने इच्छानुसार दिनांक 01.12.2025 को होने वाले आवास ऋण मेला में शामिल होकर आवास ऋण के लिए बैंक के कर्मचारी से संपर्क कर आवेदन कर सकते है।




**Editorial Board**

**श्री राजीव कुमार पाण्डेय**
**रा.प्र.से.**
**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम**
**भिलाई**

**Contact & Address**

**श्री तिलेश्वर साहू**
**प्रभारी जनसंपर्क अधिकारी**
**नगर पालिक निगम**
**भिलाई**